**14. आपका नया मोबाइल फोन खराब हो गया है। उस सैट की शिकायत करते हुए संबंधित कंपनी के अधिकारी को 100 शब्दों में पत्र लिखिए।**

**उत्तर :** नवीन जोशी

बी 139, रमेश नगर

नई दिल्ली

दिनांक : 5 दिसंबर, 20xx

सेवा में

प्रबंधक

एयरटेल कंपनी

राजौरी गार्डन

नई दिल्ली

**विषय:** मोबाइल फोन के खराब होने की शिकायत

महोदय,

मैंने आपके शोरूम से एक सप्ताह पूर्व ही एक नया मोबाइल फोन खरीदा था। इसकी एक साल की वारंटी थी पर यह एक सप्ताह में ही खराब हो गया है। यह ठीक प्रकार से संदेश नहीं पकड़ रहा है। इसकी आवाज भी अति धीमी है। आप इस खराब सेट को तुरंत बदलवाने की कृपा करें।

मैं इस सेट की केशमीमो की एक फोटो प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर रहा हूँ। इससे आपको सेट का पूरा विवरण मिल जाएगा। सेट भी आपके पास भिजवा रहा हूँ।

कृपया इसे शीघ्र बदलवाया जाए।

सधन्यवाद

भवदीय

क. ख. ग.

**15. अपने नगर के निकटवर्ती जंगल के अवैध कटाव की समस्या की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने के लिए किसी समाचार पत्र के संपादक को 100 शब्दों में पत्र लिखिए।**

**उत्तर :** जसपाल सिंह

75, राजपुर रोड/जाश्वन/देहरादून

दिनांक : 13 सितंबर, 20xx

सेवा में,

सम्मानीय संपादक जी

उत्तराखंड प्रहरी दैनिक

देहरादून

**विषय:** जंगल का अवैध कटाव

मान्यवर महोदय

मैं देहरादून निवासी जयपाल सिंह आपके समाचार पत्र के माध्यम से प्रशासन का ध्यान जंगल के अवैध कटाव की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ। पिछले कई वर्षों से यह अवैध कटाव चल रहा है। मसूरी से घनोल्टी के रास्ते में जंगल ही जंगल हैं वहाँ अक्सर जब भी जाओ वृक्ष कटे हुए या काटे जाते हुए मिलते हैं। कुछ स्वार्थी लोग देश की बहुमूल्य संपदा का अपने स्वार्थ के लिए दोहन कर रहे हैं। वन अधिकारी कुछ धन लेकर उस ओर से आँखें मूंद लेते हैं। वृक्षों के कटने से मिट्टी क्षरण की समस्या उत्पन्न हो जाती है। मिट्टी बहकर नदियों में चली जाती है, जिससे जल स्तर अधिक होने पर बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। वायु प्रदूषण के लिए तो ये वृक्ष कटाव प्रमुख कारण बन गया है। मैं इससे पहले भी वनाधिकारी को दो पत्र लिख चुका हूँ परंतु कोई कार्यवाही नहीं की गई। अतः मजबूरन आपको पत्र लिख रहा हूँ। समाज तथा देश के लाभ के लिए आप इस पत्र को अपने समाचार पत्र में छापकर अवश्य ही प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करेंगे जिससे चोरी छुपे कार्य करने वाले लोग दंडित किए जा सके।

कष्ट हेतु क्षमा प्रार्थी।

आपका आभारी

क. ख. ग.